*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# शहादत दिवस पर 'गगन दमामा बाज्यो' का मंचन

वर्धा, 27 मार्च,2017 : भारतीय स्वाधीनता संग्राम के प्रणेता भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु



के शहादत दिवस पर उनके द्वारा दी गई कुर्बानी को याद करते हुए महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय



हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के छात्रों, छात्राओं एवं शोधार्थियों ने पीयूष मिश्रा द्वारा लिखित नाटक 'गगन दमामा बाज्यो' का सफलतापूर्वक मंचन किया। इस रंगमंचीय प्रस्तुति के माध्यम से

भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों से रूबरू होने का मौका विश्वविद्यालय परिसर के सदस्यों को मिला। इस नाटक का निर्देशन प्रदर्शनकारी कला विभाग के पूर्व शोधार्थी तथा राष्ट्रीय नाट्य



विद्यालय, त्रिपुरा के पूर्व छात्र रोहित कुमार ने किया। प्रमुख भूमिकाएँ यदुवंश (भगत सिंह), सौरभ (सुखदेव), अमित (राजगुरु) तथा सोहिनी (आरती) ने निभाई।

कार्यक्रमों की अगली कड़ी में भारत के सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक ग्रुप हिरावल, पटना ने समता भवन



प्रांगण में प्रस्तुति दी। जिसके अंतर्गत विभिन्न जनगीत एवं कविताओं की स्वर प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रस्तुत कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी, छात्र, छात्रा तथा शोधार्थी उपस्थित थे।